# RRB Technician Grade III 2025

## Technician Grade III · CEN 02/2025 · General Science · Question Paper Compilation

**Hindi**

All 9 Shifts (Sets) · General Science Section · Official Answer Key

## About this Compilation

This booklet compiles all **9 shift papers** of the **RRB Technician Grade III 2025** examination (CEN 02/2025) in **Hindi** (**General Science** section only), with the correct option marked as per the official answer key.

✓ Correct option (highlighted green)

### How to use

- Use the **Index** page to jump directly to any set (clickable).
- Questions appear in shift order, numbered 1 onward within each set.
- Diagram and wide-table questions appear at full width at the end of their set.
- The correct answer is highlighted in green with a tick.

### More from QMaths

Check your marks, normalized score and zone-wise rank free at **rank.qmaths.in**. Master English vocabulary with the **Blackbook** app.




***Toppers' Choice, Blackbook of English Vocabulary, Now available in App format : DOWNLOAD NOW***

## Index — All Sets (click to open)

- **Set 1** — 06 Mar 2026, 9:00 AM - 10:30 AM
- **Set 2** — 06 Mar 2026, 12:45 PM - 2:15 PM
- **Set 3** — 06 Mar 2026, 4:30 PM - 6:00 PM
- **Set 4** — 09 Mar 2026, 9:00 AM - 10:30 AM
- **Set 5** — 09 Mar 2026, 12:45 PM - 2:15 PM
- **Set 6** — 09 Mar 2026, 4:30 PM - 6:00 PM
- **Set 7** — 10 Mar 2026, 9:00 AM - 10:30 AM
- **Set 8** — 10 Mar 2026, 12:45 PM - 2:15 PM
- **Set 9** — 10 Mar 2026, 4:30 PM - 6:00 PM

## General Science

40 Questions • Answer Key

**Q1** General Science

पादप कोशिकाओं में कोशिका भित्ति का प्राथमिक कार्य क्या है?

A. पोषक तत्वों का परिवहन करना

B. कोशिकीय श्वसन को नियंत्रित करना

C. कोशिका विभाजन को नियंत्रित करना

D. दृढ़ता और सुरक्षा प्रदान करना ✓

**Q2** General Science

अनुरूपता (analogy) को युग्मित करने के लिए एक शब्द का चयन करें।

केंद्रक : सुकेंद्रकी कोशिका :: केंद्रकाभ : _____

A. बहुकोशिकीय जीव

B. जंतु-कोशिका

C. प्राक्केंद्रकी कोशिका ✓

D. पादप कोशिका

**Q3** General Science

यदि कोई लेंस वास्तविक और उल्टा प्रतिबिंब बनाता है, तो प्रतिबिंब की ऊँचाई h' को सामान्यतः किस रूप में लिया जाता है।

A. ऋणात्मक, क्योंकि यह अक्ष के नीचे है ✓

B. धनात्मक, क्योंकि यह अक्ष के ऊपर है

C. धनात्मक, लेकिन वस्तु की ऊँचाई से कम

D. ऋणात्मक, केवल तभी जब वस्तु आभासी हो

**Q4** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कारक शस्योपज वर्धन में सहायता करता है?

A. बिना सिंचाई के खराब बीजों का उपयोग

B. गुणवत्तापूर्ण बीजों, सिंचाई, उर्वरकों, फसल संरक्षण का उपयोग ✓

C. फसल संरक्षण की उपेक्षा

D. सिंचाई के लिए केवल वर्षा जल का उपयोग

**Q5** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही तरीके से यह वर्णन करता है कि क्यों टूथपेस्ट, क्षारीय प्रकृति का होता है?

A. भोजन करने के बाद मुख में बनने वाले अम्ल को उदासीन करता है ✓

B. लार में एंजाइम क्रिया के लिए अम्लीय माध्यम प्रदान करता है

C. जल के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोजन आयन निर्मुक्त करता है

D. लार का pH कम करके दाँतों में गुहिकाओं (cavities) की रोकथाम करता है

**Q6** General Science

वह प्रक्रिया, जिसमें सजीव का शरीर दो एकसमान भागों में विभाजित हो जाता है, उसे _____ कहा जाता है।

A. बहु खंडन

B. विखंडन

C. मुकुलन

D. द्वि-खंडन ✓

**Q7** General Science

यदि किसी पिंड पर बल लगाने पर भी उसका विस्थापन शून्य हो, तो उस पर किया गया कार्य क्या होगा?

A. अनंत

B. शून्य ✓

C. धनात्मक

D. ऋणात्मक

**Q8** General Science

यदि 9 g जल में 1 g हाइड्रोजन और 8 g ऑक्सीजन है, तो 36 g जल में क्या होगा?

A. 4 g हाइड्रोजन और 24 g ऑक्सीजन

B. 3 g हाइड्रोजन और 32 g ऑक्सीजन

C. 4 g हाइड्रोजन और 32 g ऑक्सीजन ✓

D. 3 g हाइड्रोजन और 24 g ऑक्सीजन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q9** General Science

धृतिमान कार्बन का उपयोग करके मैग्नीशियम ऑक्साइड से मैग्नीशियम का निष्कर्षण करने का प्रयास करता है। यह प्रयास असफल रहता है। इसका कारण क्या है?

- **A.** कार्बन मैग्नीशियम से कम अभिक्रियाशील है। ✓
- **B.** इस अभिक्रिया से केवल कार्बन मोनोऑक्साइड उत्पन्न होती है।
- **C.** कार्बन, ऑक्सीजन के साथ तीव्रता से अभिक्रिया करता है।
- **D.** मैग्नीशियम कार्बन के साथ वाष्पशील यौगिक बनाता है।

**Q10** General Science

$CaCl_2$ के सूत्र इकाई द्रव्यमान को कौन-सा परिकलन सही ढंग से निर्धारित करता है?

- **A.** Ca का परमाण्विक द्रव्यमान + Cl का परमाण्विक द्रव्यमान = = 40 + 35.5 = 75.5 u
- **B.** Ca का परमाण्विक द्रव्यमान × Cl का परमाण्विक द्रव्यमान = = 40 × 35.5 = 1420 u
- **C.** Ca का परमाण्विक द्रव्यमान + (2 × Cl का परमाण्विक द्रव्यमान) = 40 + 71 = 111 u ✓
- **D.** Ca का परमाण्विक द्रव्यमान + (Cl का परमाण्विक द्रव्यमान ÷ 2) = 40 + 17.75 = 57.75 u

**Q11** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा द्विविस्थापन अभिक्रिया का एक उदाहरण है?

- **A.** $2Mg + O_2 \rightarrow 2MgO$
- **B.** $H_2 + Cl_2 \rightarrow 2HCl$
- **C.** $AgNO_3 + NaCl \rightarrow AgCl + NaNO_3$ ✓
- **D.** Na2O + H2O→ 2 NaOH

**Q12** General Science

जब पोटेशियम, जल के साथ अभिक्रिया करता है, तो हम क्या देखते हैं?

- **A.** कोई दृश्य परिवर्तन नहीं होता है
- **B.** चमकीली ज्वाला और तीव्र अभिक्रिया ✓
- **C.** हरे रंग के एक यौगिक का निर्माण
- **D.** धीरे-धीरे बुलबुले उठना और मंद अभिक्रिया

**Q13** General Science

गुरुत्वाकर्षण बल के अंतर्गत गतिमान और ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंकी गई वस्तु पर गति के समीकरणों को लागू करते समय, त्वरण (a) को किस रूप में लिया जाना चाहिए?

- **A.** धनात्मक, क्योंकि गुरुत्वाकर्षण नियत है।
- **B.** ऋणात्मक, क्योंकि यह प्रारंभिक गति का विरोध करता है। ✓
- **C.** गति की दिशा से स्वतंत्र।
- **D.** धनात्मक, क्योंकि यह वेग की दिशा में है।

**Q14** General Science

सीमित मात्रा में पीड़कनाशी के उपयोग के बावजूद जैविक आवर्धन स्वास्थ्य के लिए जोखिम क्यों है?

- **A.** खाद्य श्रृंखला में ऊपर जाने पर पीड़कनाशी की विषाक्तता कम हो जाती है।
- **B.** पीड़कनाशी केवल मृदा के सूक्ष्मजीवों को प्रभावित करते हैं, बड़े जीवों को नहीं करते हैं।
- **C.** अजैवनिम्नीकरणीय पीड़कनाशी क्रमिक पोषण स्तरों पर एकत्र होते हैं। ✓
- **D.** अजैवनिम्नीकरणीय पीड़कनाशी तुरंत उत्सर्जित हो जाते हैं और बने नहीं रहते हैं।

**Q15** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजी ऊतक के प्राथमिक कार्य का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

- **A.** तीव्र संचार के लिए विद्युत आवेगों का चालन करना
- **B.** संकुचन और शिथिलता के माध्यम से बल उत्पन्न करना
- **C.** शरीर के अंगों को समर्थन और उन्हें संरचनात्मक ढांचा प्रदान करना ✓
- **D.** उपकला सतहों के माध्यम से पचे हुए पोषक तत्वों को अवशोषित करना

**Q16** General Science

मिश्रधातु की प्रतिरोधकता सामान्यत: इसके घटक धातुओं की तुलना में अधिक होती है, और यह गुण मिश्रधातुओं को _____ के लिए उपयुक्त बनाता है।

- **A.** विद्युत बल्बों के तंतु (जैसे, टंग्स्टेन)
- **B.** तापन घटक (जैसे, निक्रोम) ✓
- **C.** सर्किट फ्यूज (जैसे, लेड/टिन मिश्र धातु)
- **D.** तारों को जोड़ने (जैसे, तांबे की पारेषण लाइनें)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q17** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, गुरुत्वाकर्षण के सार्वत्रिक नियम का सटीक वर्णन करता है?

- **A.** गुरुत्वाकर्षण बल पिंडों के द्रव्यमानों के गुणनफल के साथ बढ़ता है और उनके बीच की दूरी के वर्ग के साथ घटता है। ✓
- **B.** गुरुत्वाकर्षण बल केवल पिंडों के बीच की दूरी पर निर्भर करता है, उनके द्रव्यमानों पर नहीं।
- **C.** पिंडों के द्रव्यमान बढ़ने पर गुरुत्वाकर्षण बल घटता है।
- **D.** पिंडों के बीच की दूरी बढ़ने पर गुरुत्वाकर्षण बल बढ़ता है।

**Q18** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा एक जटिल स्थायी ऊतक है जो पादपों में जल के परिवहन के लिए उत्तरदायी है?

- **A.** मृदूतक (Parenchyma)
- **B.** श्लेषोतक (Collenchyma)
- **C.** फ्लोएम (Phloem)
- **D.** जाइलम (Xylem) ✓

**Q19** General Science

जब किसी ठोस वस्तु को जल में निमज्जित किया जाता है, तो कौन-सी राशि (quantity) कम हो जाती है?

- **A.** आभासी भार ✓
- **B.** उत्प्लावक बल
- **C.** घनत्व
- **D.** द्रव्यमान

**Q20** General Science

वृक्कों में बनने वाला मूत्र _____ से होकर _____ में जाता है, जहाँ यह उत्सर्जित किए जाने तक संग्रहित रहता है।

- **A.** मूत्रवाहिनी; मूत्राशय (ureters; urinary bladder) ✓
- **B.** मूत्राशय; मूत्रमार्ग (urinary bladder; urethra)
- **C.** नेफ्रॉन; मूत्रमार्ग (nephrons; urethra)
- **D.** मूत्रमार्ग; मूत्रवाहिनी (urethra; ureters)

**Q21** General Science

यदि पृथ्वी और चंद्रमा के बीच गुरुत्वीय बल 'F', N है, यदि पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी दोगुनी हो जाए तो उनके बीच का बल कितना होगा ? (अन्य सभी प्राचलों को समान रखें।)

- **A.** F/4 ✓
- **B.** F/2
- **C.** 2F
- **D.** 4F

**Q22** General Science

मानव आंत्र में किस प्रकार का उपकला ऊतक मुख्यतः अवशोषण के लिए विशिष्ट होता है?

- **A.** स्तरित पट्टकी उपकला (Stratified sqamous epithelium)
- **B.** सरल शल्की उपकला (Simple squamous epithelium)
- **C.** सरल स्तंभाकार उपकला (Simple columnar epithelium) ✓
- **D.** सरल घनाभाकार उपकला (Simple cuboidal epithelium)

**Q23** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा द्विविस्थापन अभिक्रिया का उदाहरण है?

- **A.** $Fe + CuSO_4 \rightarrow FeSO_4 + Cu$
- **B.** $2H_2 + O_2 \rightarrow 2H_2O$
- **C.** $CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$
- **D.** $Na_2SO_4 + BaCl_2 \rightarrow BaSO_4 + 2NaCl$ ✓

**Q24** General Science

भले ही लोग अलग-अलग प्रकार के भोजन खाते हों, फिर भी वे हानिकारक रासायनिक अवशेषों को अवशोषित कर सकते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि _____।

- **A.** जैव आवर्धन के माध्यम से रसायन बने रहते हैं और जमा होते रहते हैं ✓
- **B.** खाना पकाने के दौरान पीड़कनाशी पूर्णत: नष्ट हो जाते हैं
- **C.** सभी पादप प्राकृतिक पीड़कनाशी उत्पन्न करते हैं
- **D.** अनाज मृदा से केवल उपयोगी रसायनों को ही अवशोषित करते हैं

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q25** General Science

किसी दिए गए माध्यम में 220 Hz आवृत्ति और 440 m/s चाल वाली ध्वनि तरंग की तरंगदैर्घ्य क्या होगी?

A. 440 m

B. 0.5 m

C. 2 m ✓

D. 220 m

**Q26** General Science

कॉन्सर्ट हॉल में वक्रित छतों (curved ceilings) का उपयोग करने का प्राथमिक कारण क्या है?

A. ध्वनि को अवशोषित करना

B. हॉल को सजाना

C. ध्वनि को समान रूप से परावर्तित करना ✓

D. रव को अवरूद्ध करना

**Q27** General Science

दिए गए कथनों के संदर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए।

**कथन 1:** निलंबन, प्रकाश का प्रकीर्णन करते हैं।
**कथन 2:** जब कण स्थिर हो जाते हैं, तो वे प्रकाश को प्रकीर्णित नहीं करते हैं।

A. दोनों कथन असत्य हैं।

B. कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

C. दोनों कथन सत्य हैं और कथन 2, कथन 1 की व्याख्या करता है।

D. दोनों कथन सत्य हैं, लेकिन कथन 2, कथन 1 की व्याख्या नहीं करता है। ✓

**Q28** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति, शून्य त्वरण दर्शाती है?

A. उड़ान भरता हुआ एक हवाई जहाज

B. तेजी से आगे बढ़ती हुई एक ट्रेन

C. सीधी सड़क पर नियत चाल से गतिमान एक कार ✓

D. ऊपर की ओर फेंकी गई एक गेंद

**Q29** General Science

एकसमान वेग से गतिमान किसी वस्तु के लिए, उसके वेग-समय ग्राफ की ऊँचाई समय के साथ स्थिर रहती है। इसका परिणाम एक ऐसा ग्राफ होता है जो _____ होता है।

A. x-अक्ष के समानांतर एक सीधी रेखा ✓

B. मूल-बिंदु से गुजरने वाली एक सीधी रेखा

C. एक वक्र

D. एक ऊर्ध्वाधर रेखा

**Q30** General Science

थॉमसन के परमाणु मॉडल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से/सा कथन सही है/हैं?

कथन 1. परमाणु में धनात्मक आवेशित गोले से बना होता है जिसमें इलेक्ट्रॉन अंतर्निहित होते हैं।

कथन 2. परमाणु का द्रव्यमान नाभिक में स्थित न्यूट्रॉनों के कारण होता है।

कथन 3. मॉडल की तुलना प्रायः तरबूज से की जाती है जिसमें बीज इलेक्ट्रॉनों को निरूपित करते हैं।

A. केवल 1

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 3 ✓

**Q31** General Science

यदि विलेय और विलायक दोनों के द्रव्यमान दोगुने कर दिए जाएं, तो विलयन की सांद्रता (द्रव्यमान %) _____।

A. दोगुनी हो जाएगी

B. आधी हो जाएगी

C. उतनी ही रहेगी ✓

D. 25% बढ़ जाएगी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q32** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन एक सीधे धारावाही तार के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र रेखा प्रारूप के संबंध में सही है/हैं?

(i) धारावाही तार के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ संकेंद्री वृत्तों के रूप में होती हैं।
(ii) धारावाही तार के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ विभिन्न बिंदुओं पर एक-दूसरे को प्रतिच्छेदित करती हैं।
(iii) जैसे ही कोई चुंबकीय क्षेत्र रेखा तार से दूर होती है वे एक-दूसरे से अपेक्षाकृत अधिक दूर होती जाती हैं।

A. (ii) और (iii) दोनों
B. केवल (i)
C. (i) और (iii) दोनों ✓
D. केवल (ii)

**Q33** General Science

कैल्शियम धातु की एक स्वच्छ पट्टी को ठंडे पानी में डाला जाता है और अभिक्रिया का प्रेक्षण किया जाता है। सोडियम और मैग्नीशियम की तुलना में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कैल्शियम की अभिक्रियाशीलता और निर्मित उत्पादों की प्रकृति का सही वर्णन करता है?

A. कैल्शियम ठंडे जल के साथ मंद से अभिक्रिया करता है, जिससे कैल्शियम ऑक्साइड और ऑक्सीजन गैस उत्पन्न होती है।
B. कैल्शियम, सोडियम की तुलना में कम तीव्रता से लेकिन मैग्नीशियम की तुलना में अधिक तीव्रता से अभिक्रिया करता है, जिससे कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड और हाइड्रोजन गैस निर्मित होती है। ✓
C. कैल्शियम ठंडे जल के साथ अभिक्रिया नहीं करता है, बल्कि केवल भाप के साथ अभिक्रिया करके कैल्शियम ऑक्साइड और हाइड्रोजन गैस निर्मित करता है।
D. कैल्शियम, सोडियम की तरह ही विस्फोटक रूप से अभिक्रिया करता है, जिससे कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड और हाइड्रोजन गैस निर्मित होती है।

**Q34** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प प्रकाश संश्लेषण में मरुपादपों के अनुकूलन की सही व्याख्या करता है?

A. जल हानि को कम करने के लिए प्रकाश संश्लेषण केवल रात के समय तक ही सीमित रहता है।
B. रात के समय ऑक्सीजन अवशोषित होती है जबकि दिन के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड विमुक्त होती है।
C. रात में कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण होता है और दिन के दौरान कार्बोहाइड्रेट का संश्लेषण होता है। ✓
D. रात के समय प्रकाश ऊर्जा को ग्रहण किया जाता है और दिन के उपयोग के लिए स्टार्च में परिवर्तित किया जाता है।

**Q35** General Science

निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा सही विकल्प का चयन करें।

कथन 1: सजातीय श्रेणी के सदस्यों में एक $-CH_2-$ समूह का अंतर होता है।
कथन 2: सजातीय श्रेणी के प्रत्येक क्रमिक सदस्य का आणविक द्रव्यमान पूर्ववर्ती सदस्य से 12 u भिन्न होता है।

A. कथन 1 सत्य है, लेकिन कथन 2 असत्य है। ✓
B. दोनों कथन असत्य हैं।
C. दोनों कथन सत्य हैं, लेकिन कथन 2, कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है।
D. दोनों कथन सत्य हैं और कथन 2, कथन 1 की सही व्याख्या है।

**Q36** General Science

बाह्य कर्ण, नासाग्र और लंबी अस्थियों के सिरों की संरचना किस संयोजी ऊतक से निर्मित होती है?

A. एरियोली ऊतक (Areolar tissue)
B. अस्थि (Bone)
C. वसा ऊतक (Adipose tissue)
D. उपास्थि (Cartilage) ✓

**Q37** General Science

पादपों को मुख्यतः वृहत् पोषक तत्व _____ से प्राप्त होते हैं, और सूक्ष्म पोषक तत्व _____ से कम मात्रा में प्राप्त होते हैं।

A. मृदा; मृदा ✓
B. वायु; जल
C. जल; बालू
D. सूर्य के प्रकाश; खनिजों

**Q38** General Science

एक कार में पश्च-दर्शी दर्पण के रूप में प्रयुक्त उत्तल दर्पण की वक्रता त्रिज्या 4.00 m है। एक बस, दर्पण के सामने 6.00 m की दूरी पर खड़ी है। निर्मित प्रतिबिंब की स्थिति और प्रकृति क्या होगी?

A. प्रतिबिंब, दर्पण के 3.0 m सामने बनता है।
B. प्रतिबिंब, दर्पण के 3.0 m पीछे बनता है।
C. प्रतिबिंब, दर्पण के 1.5 m पीछे बनता है। ✓
D. प्रतिबिंब, दर्पण के 1.2 m पीछे बनता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q39** General Science

प्रतीक 'B' किस तत्व को दर्शाता है?

- **A.** बोरॉन ✓
- **B.** ब्रोमीन
- **C.** बेरिलियम
- **D.** बेरियम

**Q40** General Science

निम्नांकित परिपथ प्रतीक किसको निरूपित करता है?

- **A.** परिवर्ती प्रतिरोध या धारा नियंत्रक ✓
- **B.** बंद स्थिति में स्विच
- **C.** एक बैटरी
- **D.** एक तार

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

## General Science

40 Questions • Answer Key

**Q1** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, विखंडन के माध्यम से पुनरुत्पादन (reproduce) के लिए नहीं जाना जाता है?

A. लीशमैनिया (Leishmania)
B. अमीबा (Amoeba)
C. पैरामीशियम (Paramecium)
D. हाइड्रा (Hydra) ✓

**Q2** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विवरण परिपक्व तने के मज्जा में मृदूतक कोशिकाओं का सही वर्णन करता है?

A. दृढ़ता से संकुलित मृत कोशिकाएं, जो संबल और चालन में सहायता करती हैं।
B. संग्रहण के लिए बड़ी, शिथिल रूप से व्यवस्थित जीवित कोशिकाएं। ✓
C. सुरक्षात्मक सिलेंडर बनाने वाले दृढ़ोतक फाइबर।
D. यांत्रिक सामर्थ्य के लिए मोटी दीवारों वाली लिग्निफाइड कोशिकाएं।

**Q3** General Science

कुक्कुट पालन में ब्रॉयलर (broilers) को लेयर्स (layers) से क्या अलग करता है?

A. ब्रॉयलर को मांस के लिए पाला जाता है; लेयर्स को अंडों के लिए ✓
B. केवल ब्रॉयलर अंडे देते हैं
C. मांस के लिए लेयर्स पाले जाते हैं; अंडों के लिए ब्रॉयलर
D. दोनों को मांस और अंडों के लिए समान रूप से पाला जाता है

**Q4** General Science

जब पीड़कनाशी जैसे रसायन खाद्य श्रृंखलाओं में प्रवेश करते हैं और उच्च स्तर पर अधिक सांद्रित हो जाते हैं, तो इस प्रक्रिया को _____ के रूप में जाना जाता है।

A. जैवनिम्नीकरण (Biodegradation)
B. प्रकाश संश्लेषण (Photosynthesis)
C. जैविक आवर्धन (Biological magnification) ✓
D. सुपोषण (Eutrophication)

**Q5** General Science

यदि द्रव्यमान दोगुना हो जाए और g नियत रहे, तो भार _____।

A. आधा हो जाएगा
B. चार गुना हो जाएगा
C. दोगुना हो जाएगा ✓
D. समान रहेगा

**Q6** General Science

निम्नलिखित में से किस लवण को जल में विलीन करने पर उदासीन विलयन निर्मित करेगा?

A. सोडियम क्लोराइड (NaCl) ✓
B. पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड (KOH)
C. अमोनियम क्लोराइड ($NH_4Cl$)
D. सोडियम ऐसीटेट ($CH_3COONa$)

**Q7** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा/से एकसमान गति से गतिमान पिंड के लिए दूरी-समय ग्राफ के विषय में सही **नहीं** है/है?

(i) दूरी-समय ग्राफ की प्रवणता पिंड को त्वरण प्रदान करती है।
(ii) ग्राफ की प्रवणता जितनी कम होगी पिंड उतनी ही धीमी गति से आगे बढ़ेगा।
(iii) ग्राफ का क्षेत्रफल पिंड की चाल प्रदान करता है।

A. केवल (ii)
B. (i) और (iii) दोनों ✓
C. केवल (iii)
D. (i) और (ii) दोनों

**Q8** General Science

वह कौन-सी अद्वितीय विशेषता है जो माइटोकॉन्ड्रिया को अपने कुछ प्रोटीन स्वयं बनाने देती है?

A. इसकी बाह्य झिल्ली सरंध्री होती है।
B. इसमें दो झिल्ली होती हैं।
C. ये ATP का उत्पादन करते हैं।
D. इनमें अपना DNA और राइबोसोम होते हैं। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q9** General Science

परमाणु के आकार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

कथन 1: परमाणु का आकार लगभग 0.1 nm से 0.5 nm के परास में होता है।

कथन 2: आवर्त सारणी के एक आवर्त में बाएं से दाएं जाने पर परमाणु का आकार बढ़ता जाता है।

कथन 3: हाइड्रोजन परमाणु की त्रिज्या लगभग $10^{-10}$ मीटर होती है।

उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1 और 3 ✓

C. केवल 1 और 2

D. केवल 1, 2 और 3

**Q10** General Science

किसी वृत्ताकार ट्रैक पर नियत चाल से साइकिल चला रहा साइकिल चालक किस प्रकार की गति का उदाहरण है?

A. दोलन गति

B. असमान गति

C. रैखिक गति

D. एक समान वृत्तीय गति ✓

**Q11** General Science

किसी ध्वनि स्रोत की आवृत्ति 50 Hz है। यह एक मिनट में कितने कंपन पूरे करता है?

A. 3000 ✓

B. 5000

C. 50

D. 600

**Q12** General Science

20 kg द्रव्यमान के एक ब्लॉक को 200 m की ऊँचाई वाली इमारत के शीर्ष से नीचे गिराया जाता है। वह ब्लॉक किस वेग से धरातल से टकराएगा? (मान लीजिए g = 10 $m/s^2$)

A. $20\sqrt{5}$ m/s

B. 40 m/s

C. $20\sqrt{10}$ m/s ✓

D. 20 m/s

**Q13** General Science

कौन-सा कथन, थॉमसन के परमाणु मॉडल में इलेक्ट्रॉनों की व्यवस्था का सटीक वर्णन करता है?

A. इलेक्ट्रॉन धनात्मक आवेश वाले गोले में अंतःस्थापित होते हैं ✓

B. इलेक्ट्रॉन केवल परमाणु के पृष्ठ पर पाए जाते हैं

C. इलेक्ट्रॉन परमाणु के केंद्र में स्थित होते हैं

D. इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर परिक्रमा करते हैं

**Q14** General Science

एक माली ने बगीचे में पांच अलग-अलग पदार्थ: केले के छिलके, अखबार, सूती कपड़ा, प्लास्टिक की बोतल और धातु के चम्मच को मृदा में दबा दिया। उसने जिन पदार्थों को मृदा में दबाया, उनमें से कितने पदार्थ जैवनिम्नीकरणीय थे?

A. एक

B. दो

C. चार

D. तीन ✓

**Q15** General Science

यदि किसी ऐल्केन का आणविक द्रव्यमान **44** है, तो उसका आणविक सूत्र क्या होगा?

A. CH4

B. C4H10

C. C2H6

D. C3H8 ✓

**Q16** General Science

एक समांगी मिश्रण में, विलेय के कणों का आकार सामान्यतः _____ ।

A. 1 nm और 1000 nm के बीच होता है

B. 1 µm से बड़ा होता है

C. 1 nm से कम होता है ✓

D. नग्न आंखों से दिखाई देता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q17** General Science

फ्लेमिंग के वामहस्त नियम के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. यदि अंगुष्ठ बल की दिशा में और तर्जनी धारा की दिशा में इंगित करती है, तो मध्यमा चुंबकीय क्षेत्र की दिशा दर्शाती है।

B. इसका उपयोग केवल विद्युत परिपथों में किया जाता है, मोटर या लाउडस्पीकर जैसे उपकरणों में नहीं।

C. यदि अंगुष्ठ धारा की दिशा में और मध्यमा चुंबकीय क्षेत्र की दिशा में इंगित करती है, तो तर्जनी बल की दिशा दर्शाती है।

D. यदि तर्जनी चुंबकीय क्षेत्र की दिशा में और मध्यमा धारा की दिशा में इंगित करती है, तो अंगुष्ठ चालक पर लगने वाले बल या गति की दिशा दर्शाता है। ✓

**Q18** General Science

20 m/s के वेग से गतिमान 1000 kg द्रव्यमान वाली कार ब्रेक लगाने के बाद 10 s में विराम अवस्था में आती है। ब्रेक द्वारा लगाए गए बल का मान क्या है?

A. - 5000 N

B. - 2000 N ✓

C. - 200 N

D. - 500 N

**Q19** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, कृत्रिम वृक्क में अपोहन (dialysis) के कार्य सिद्धांत की सही व्याख्या करता है?

A. अपोहन उच्च दाब का उपयोग करके अपशिष्ट पदार्थों को रक्त से अपोहन-तरल में बाहर निकालता है।

B. अपोहन एक सामान्य वृक्क की भांति आवश्यक पोषक तत्वों तथा लवणों को पुनः अवशोषित करता है।

C. अपोहन सक्रिय परिवहन द्वारा रक्त से नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्ट पदार्थों को हटाता है।

D. अपोहन अर्धपारगम्य झिल्ली के पार विसरण द्वारा रक्त से अपशिष्ट पदार्थों को हटाता है। ✓

**Q20** General Science

UV प्रकाश के अंतर्गत क्लोरीन ($Cl_2$) के साथ मेथेन ($CH_4$) की प्रतिस्थापन अभिक्रिया में, प्रथम उत्पाद क्या बनता है?

A. डाइक्लोरोमेथेन (CH2Cl2)

B. मेथिल क्लोराइड (CH3Cl) ✓

C. क्लोरोमेथेन (CH3Cl)

D. कार्बन टेट्राक्लोराइड (CCl4)

**Q21** General Science

निम्नलिखित में से किस कार्य को छोड़कर शेष सभी कार्य जाइलम ऊतक के विभिन्न घटकों द्वारा किए जाते हैं?

A. यांत्रिक सपोर्ट प्रदान करना

B. जल और खनिजों का ऊर्ध्वाधर परिवहन

C. पत्तियों से भोजन का परिवहन ✓

D. भोजन भंडारण

**Q22** General Science

दी गई एनालॉजी (analogy) को पूरा करने के लिए पद का चयन कीजिए।

द्वि-खंडन : जीवाणु :: खंडन : _____

A. पक्षी

B. कीट

C. स्तनधारी

D. शैवाल ✓

**Q23** General Science

शरीर में आप किस स्थान पर अत्यंत पतली, चपटी उपकला कोशिकाओं की एक परत मिलने की उम्मीद करेंगे जो एक नाजुक अस्तर के पार पदार्थों (गैसों) के परिवहन के लिए डिज़ाइन की गई हो?

A. त्वचा, घिसावट से बचाव के लिए

B. आंत्र की भीतरी अस्तर, अवशोषण के लिए

C. फुफ्फुस के एल्वियोली की अस्तर, गैस विनिमय के लिए ✓

D. गुर्दे की नलिकाओं की अस्तर, यांत्रिक सपोर्ट के लिए

**Q24** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, कार्बन के सर्वतोमुखी गुण (versatility) का एक कारण **नहीं** है?

A. आयनिक आबंधों का निर्माण ✓

B. चतुःसंयोजकता

C. एकल, द्वि और त्रि आबंध बनाने की क्षमता

D. शृंखलन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q25** General Science

किसी लेंस द्वारा प्रकाश किरणों की बंकन सीमा को किसके पदों में व्यक्त किया जाता है?

A. प्रतिबिंब की दूरी (Image Distance)

B. द्वारक (Aperture)

C. शक्ति (Power) ✓

D. आवर्धन (Magnification)

**Q26** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा गैर-धातु अपनी क्रिस्टलीय जालक (crystal lattice) में विस्थापित इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति के कारण ठोस अवस्था में विद्युत का सुचालक है?

A. आयोडीन

B. ग्रेफाइट ✓

C. फॉस्फोरस

D. सल्फर

**Q27** General Science

सिंचाई में रोधी बांध (check-dams) का प्राथमिक उद्देश्य _____ है।

A. मृदा की गुणवत्ता को निम्नतर करना

B. फैक्ट्री के संचालन के लिए नदी के जल को चैनल करना

C. उपरिमृदा के अपरदन को और बदतर करना

D. वर्षा जल का संग्रहण करके भौमजल में वृद्धि करना ✓

**Q28** General Science

चार टेस्ट ट्यूबों में $CuSO_4$, $MgSO_4$, $ZnSO_4$ और $AgNO_3$ के विलयन हैं। एक विद्यार्थी प्रत्येक टेस्ट ट्यूब में जिंक धातु मिलाता है। किस टेस्ट ट्यूब/ट्यूबों में अभिक्रिया होगी?

A. केवल ZnSO4

B. केवल CuSO4

C. सभी विलयनों में

D. केवल CuSO4 और AgNO3 ✓

**Q29** General Science

एक विद्युत तंदूर को जब 100 V पर प्रचालित किया जाता है तो उसकी शक्ति 1200 W है। विद्युत तंदूर में से कितनी धारा प्रवाहित होगी?

A. 0.08 A

B. 12 A ✓

C. 8 A

D. 1.2 A

**Q30** General Science

जब श्वेत प्रकाश किसी कांच के प्रिज्म पर तिर्यक् रूप से आपतित होता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य **नहीं** है/हैं?

(i) लाल रंग का विचलन न्यूनतम होता है।
(ii) प्रिज्म से गुजरते समय बैंगनी रंग की चाल सबसे कम होती है।
(iii) हरे रंग का अपवर्तनांक बैंगनी रंग से अधिक होता है।
(iv) लाल रंग का अपवर्तनांक नीले रंग से अधिक होता है।

A. (ii) और (iii) दोनों

B. (iii) और (iv) दोनों ✓

C. (i) और (ii) दोनों

D. (i) और (iv) दोनों

**Q31** General Science

न्यूटन के गति का प्रथम नियम निम्नलिखित में से कौन-सी अवधारणा को स्पष्ट करता है?

A. निरंतर त्वरण

B. संतुलित बल ✓

C. संवेग में परिवर्तन

D. नेट बल का शून्येतर होना

**Q32** General Science

SONAR तकनीक, _____ के लिए अल्ट्रासाउंड का उपयोग करती है।

A. उच्च तापमान उत्पन्न करने

B. विद्युत धारा को मापने

C. वायुमंडलीय दाब को मापने

D. जल के नीचे की वस्तुओं का पता लगाने ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q33** General Science

द्रव्यमान संख्या के संदर्भ में कौन-सा कथन सत्य है?

A. यह एक परमाणु में प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉन की कुल संख्या है।

B. यह सदैव परमाणु संख्या की दोगुनी होती है।

C. यह एक परमाणु में इलेक्ट्रॉन की संख्या के बराबर होती है।

D. यह एक परमाणु में प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संख्या का योगफल है। ✓

**Q34** General Science

प्लाज्मा झिल्ली (plasma membrane) का मुख्य कार्य निम्नलिखित कौन-सा है?

A. ATP संश्लेषण स्थल के रूप में कार्य करना

B. दृढ़ संबल प्रदान करना और कोशिका को फूलने से रोकना

C. कोशिका के आनुवंशिक पदार्थ को संग्रहित करना

D. कोशिका के आर-पार पदार्थों की संचलन को विनियमित करना ✓

**Q35** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा आर्किमीडिज़ के सिद्धांत का अनुप्रयोग **नहीं** है?

A. पनडुब्बियों का अभिकल्पन

B. चालमापी ✓

C. उत्प्लव घनत्वमापी

D. दुग्धमापी

**Q36** General Science

निम्नलिखित में से किसे परिपथ आरेख में 'V' अक्षर वाले वृत्त द्वारा निरूपित किया जाता है?

A. निर्वात डायोड (Vacuum diode)

B. वोल्टमीटर (Voltmeter) ✓

C. परिवर्ती प्रतिरोध (Variable resistance)

D. वोल्टेज रेगुलेटर (Voltage regulator)

**Q37** General Science

रासायनिक उद्योगों में, विरंजन चूर्ण (bleaching powder) मुख्य रूप से _____ के रूप में कार्य करता है।

A. एक ऑक्सीकारण कर्मक ✓

B. एक निष्प्रभावन कर्मक

C. एक उत्प्रेरक

D. एक अपचायी कर्मक

**Q38** General Science

सादृश्यता को पूरा करने के लिए उचित विकल्प चुनें।

तंत्रिकाक्ष : एकल दीर्घ प्रक्रम :: द्रुमाकृति : _____

A. कई छोटे, शाखाओं वाले भाग ✓

B. केंद्रक युक्त कोशिका काय

C. सुरक्षात्मक संयोजी ऊतक

D. उत्तेजनाओं का तीव्र संचरण

**Q39** General Science

1. अवक्षेपण अभिक्रिया तब होती है जब दो जलीय विलयन अभिक्रिया करके एक अघुलनशील ठोस बनाते हैं।
2. बनने वाले ठोस को अवक्षेप कहते हैं।
3. सभी अवक्षेपण अभिक्रियाओं में केवल अम्ल और क्षार ही सम्मिलित होते हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2 ✓

D. 1, 2 और 3

**Q40** General Science

एक विद्यार्थी, एक बीकर में रेत, नमक और जल को मिश्रित करके अच्छी तरह से हिलाता है। कुछ समय बाद, उसे क्या दिखाई देगा?

A. रेत और नमक दोनों अविलीन रहते हैं, जिससे दो अलग-अलग परतें बन जाती हैं।

B. रेत नीचे बैठ जाती है, जबकि नमक, जल में विलीन हो जाता है। ✓

C. सभी घटक पूरी तरह से विलीन हो जाते हैं, जिससे एक स्वच्छ विलयन बनता है।

D. रेत, जल में स्थायी रूप से निलंबित रहती है, जिससे मिश्रण मेघमय हो जाता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

## General Science

40 Questions • Answer Key

**Q1** General Science

निम्नलिखित में से किस विधि में लोहे को जंग लगने से बचाने के लिए जिंक की परत चढ़ाया जाना शामिल है?

A. विद्युत्-लेपन (Electroplating)
B. वंगन (Tinning)
C. गैल्वनीकरण (Galvanisation) ✓
D. प्रलेपन (Painting)

**Q2** General Science

दिए गए कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन 1: धातु और अधातु इलेक्ट्रॉन साझा करके अभिक्रिया करते हैं।
कथन 2: उनके बीच बनने वाला आबंध सहसंयोजी होता है।

A. दोनों कथन असत्य हैं। ✓
B. कथन 1 सत्य है; कथन 2 असत्य है।
C. कथन 1 असत्य है; कथन 2 सत्य है।
D. दोनों कथन सत्य हैं।

**Q3** General Science

सादृश्यता को पूरा करने के लिए उचित विकल्प चुनें।

कंकाल पेशी : ऐच्छिक :: हृद पेशी : _____

A. रेखित (Striated)
B. बहुकेंद्रकी (Multinucleate)
C. अशाखित (Unbranched)
D. अनैच्छिक (Involuntary) ✓

**Q4** General Science

बहुकोशिकीय जीवों की कोशिकाएं विभिन्न आकृतियां और आकार क्यों प्रदर्शित करती हैं?

A. कोशिका की आकृति यादृच्छिक होती है और कार्य से असंबंधित होता है
B. कोशिका की आकृति और आकार में भिन्नता बिना किसी कार्यात्मक महत्व के होती है
C. समान जीव में प्रत्येक प्रकार की कोशिका में विभिन्न जीनोम होते हैं
D. उनकी संरचना विशिष्ट कार्यों को करने के लिए अनुकूलित होती है ✓

**Q5** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इसकी सर्वोत्तम व्याख्या करता है कि अधिकांश खाद्य श्रृंखलाएँ चार पोषण स्तरों से अधिक क्यों नहीं होती हैं?

A. क्योंकि पारिस्थितिकी तंत्र में उत्पादक दुर्लभ होते हैं।
B. क्योंकि केवल 10% ऊर्जा ही अगले स्तर तक पहुंचती है। ✓
C. क्योंकि अपघटक उच्च स्तर पर मौजूद सभी जीवों का उपभोग करते हैं।
D. क्योंकि शिकारी केवल शाकाहारी जीवों को ही खाते हैं।

**Q6** General Science

एक आवेशित कण, वृत्ताकार धारा लूप के अक्ष के लंबवत गति करता है। कण पर लगने वाला बल _____।

A. सदैव शून्य होता है
B. प्रत्येक जगह नियत रहता है
C. केंद्र पर अधिकतम होता है
D. स्थिति और वेग पर निर्भर करता है ✓

**Q7** General Science

किसी ऊँचाई पर स्थित वस्तु की गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा, उसे भूमि से उस ऊँचाई तक उठाने में _____ किए गए कार्य के बराबर होती है।

A. नियत वेग के साथ
B. एक वक्रित पथ के अनुदिश
C. गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ✓
D. गुरुत्वाकर्षण की दिशा में

**Q8** General Science

समदाब रेखाओं के संदर्भ में कौन-सा कथन **गलत** है?

A. इनमें न्यूट्रॉनों की संख्या भिन्न होती है।
B. इनमें प्रोटॉनों की संख्या समान होती है। ✓
C. इनका द्रव्यमान क्रमांक समान होता है।
D. इनके रासायनिक गुण भिन्न होते हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

**Q9** General Science

पहाड़ी स्थानों जैसी उच्च ऊँचाइयों पर, जल 100°C से कम तापमान पर उबलता है, जबकि एक प्रेशर कुकर में यह 100°C से अधिक तापमान पर उबलता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस घटना की सही व्याख्या करता है?

A. किसी द्रव का क्वथनांक बाह्य दाब से स्वतंत्र होता है और केवल तापमान पर निर्भर करता है।

B. उच्च ऊँचाई पर जल के अणुओं की गतिज ऊर्जा, समुद्र तल की तुलना में कम होती है, इसलिए वे कम तापमान पर उबलते हैं।

C. किसी द्रव का क्वथनांक वायुमंडलीय दाब में वृद्धि के साथ बढ़ता है और वायुमंडलीय दाब में कमी के साथ घटता है। ✓

D. किसी द्रव का क्वथनांक वायुमंडलीय दाब में वृद्धि के साथ घटता है और वायुमंडलीय दाब में कमी के साथ बढ़ता है।

**Q10** General Science

सूक्ष्मदर्शी से प्याज के छिलके तथा कपोल कोशिकाओं (cheek cells) का अवलोकन करते समय, कौन-सा भाग हल्का अभिरंजित दिखाई देता है और उसमें कई कोशिकांग होते हैं?

A. केवल कोशिका भित्ति (Cell wall only)

B. कोशिका द्रव्य (Cytoplasm) ✓

C. केवल कोशिका झिल्ली (Cell membrane only)

D. केंद्रक (Nucleus)

**Q11** General Science

जब नियंत्रित परिस्थितियों में क्लोरीन गैस में सोडियम धातु का एक छोटा टुकड़ा मिलाने पर तीव्र अभिक्रिया होती है और सोडियम क्लोराइड बनता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निर्मित उत्पाद के स्थायित्व के सर्वोत्तम कारण को स्पष्ट करता है?

A. सोडियम और क्लोरीन एक-एक इलेक्ट्रॉन साझा करते हैं, जिससे एक स्थायी सहसंयोजक आबंध निर्मित होता है।

B. सोडियम, क्लोरीन को एक इलेक्ट्रॉन दान करता है, जिससे विपरीत आवेश वाले आयन निर्मित होते हैं जो प्रबल स्थिरवैद्युत बलों द्वारा एक-दूसरे से जुड़े होते हैं। ✓

C. सोडियम और क्लोरीन दोनों ही विस्थापित इलेक्ट्रॉनों के साथ धात्विक जालक बनाकर स्थायित्व प्राप्त करते हैं।

D. सोडियम, क्लोरीन से एक इलेक्ट्रॉन ग्रहण करता है, जिससे पारस्परिक साझाकरण के माध्यम से एक उदासीन अणु निर्मित होता है।

**Q12** General Science

5 m/s के वेग से गतिमान m द्रव्यमान की एक वस्तु की गतिज ऊर्जा 25 J है। यदि इसका वेग दोगुना करके 10 m/s कर दिया जाए, तो इसकी गतिज ऊर्जा कितनी होगी?

A. 125 J

B. 100 J ✓

C. 200 J

D. 50 J

**Q13** General Science

विरामावस्था में किसी पिंड पर 100 N का असंतुलित बल इस तरह से कार्य करता है कि वह 10 s में 5 m/s का वेग प्राप्त कर लेता है। पिंड का द्रव्यमान कितना है?

A. 200 kg ✓

B. 50 kg

C. 2 kg

D. 5 kg

**Q14** General Science

फॉस्फोरस और पोटैशियम के साथ, उर्वरक मुख्य रूप से फसलों को निम्नलिखित में से किसकी आपूर्ति करते हैं?

A. नाइट्रोजन ✓

B. केवल मैग्नीशियम

C. केवल ज़िंक

D. केवल कैल्शियम

**Q15** General Science

द्रव्यमान संख्या के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असत्य** है?

A. यह परमाणु में कुल न्यूक्लिऑन को निरूपित करती है।

B. यह हमेशा एक पूर्ण संख्या होती है।

C. यह एक ही तत्व के समस्थानिकों के लिए भिन्न हो सकती है।

D. यह सभी तत्वों के लिए परमाणु संख्या के दोगुने के बराबर होती है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q16** General Science

जब हम क्षितिज के पास एक तारे का निरीक्षण करते हैं, तो वह वास्तव में जितना ऊँचा है, उससे थोड़ा अधिक ऊँचा दिखाई देता है। इसका कारण क्या है?

A. वायुमंडल के अपवर्तनांक में क्रमिक परिवर्तनों के कारण तारे का प्रकाश मुड़ जाता है। ✓

B. तारा तेजी से गति करता है और अपनी स्थिति बदलता है।

C. तारा अधिक चमकीला हो जाता है, जिससे वह ऊँचा दिखाई देता है।

D. पृथ्वी का घूर्णन तारे को ऊपर की ओर स्थानांतरित कर देता है।

**Q17** General Science

कौन-सा अभिलक्षण असमान गति को परिभाषित करता है?

A. शून्य त्वरण

B. नियत चाल

C. समान समय अंतरालों में असमान दूरी तय करना ✓

D. समान समय अंतरालों में समान विस्थापन

**Q18** General Science

किसी पृष्ठ पर प्रणोद का प्रभाव उस क्षेत्रफल पर निर्भर करता है जिस पर वह कार्य करता है। बड़े क्षेत्रफल पर लगने वाले बल की तुलना में छोटे क्षेत्रफल पर लगने वाला बल _____ डालता है।

A. कम प्रणोद

B. अधिक दाब ✓

C. कम दाब

D. शून्य दाब

**Q19** General Science

ऑक्सीजन का परमाणु क्रमांक 8 है। इसका क्या अभिप्राय है?

A. ऑक्सीजन के प्रत्येक अणु में 8 परमाणु होते हैं।

B. ऑक्सीजन की कक्षा में 8 प्रोटॉन होते हैं।

C. ऑक्सीजन के नाभिक में 8 न्यूट्रॉन होते हैं।

D. ऑक्सीजन में 8 प्रोटॉन और 8 इलेक्ट्रॉन होते हैं। ✓

**Q20** General Science

सादृश्य को पूरा करने के लिए उचित विकल्प चुनें।

ज़ाइलम मृदूतक : खाद्य भंडारण :: ज़ाइलम फाइबर : _____

A. पानी को ऊर्ध्वाधर रूप से परिवहन करना

B. सहायक कार्य ✓

C. ट्यूबलर संरचनाएं होना

D. खनिजों का परिवहन

**Q21** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट ($NaHCO_3$) का सही उपयोग या गुणधर्म **नहीं** है?

A. इसका उपयोग प्रतिअम्ल में किया जाता है।

B. इसका उपयोग प्रबल अम्ल के रूप में किया जाता है। ✓

C. इसका उपयोग अग्निशामकों में किया जाता है।

D. इसका उपयोग बेकिंग में किण्वन कर्मक के रूप में किया जाता है।

**Q22** General Science

(+ 4 D) और (- 6 D) क्षमता के दो लेंस एक दूसरे के संपर्क में रखे जाते हैं। उनकी संयुक्त फोकस दूरी cm में कितनी होगी?

A. + 0.5 cm

B. + 0.1 cm

C. - 50 cm ✓

D. - 10 cm

**Q23** General Science

किसी वस्तु पर लगने वाले असंतुलित बल सदैव _____ बनते हैं।

A. गति में परिवर्तन का कारण ✓

B. गति में कोई परिवर्तन न होने का कारण

C. वस्तु के विराम अवस्था में रहने का कारण

D. द्रव्यमान में वृद्धि का कारण

**Q24** General Science

किसी वस्तु को एक अवतल लेंस के सामने अनंत दूरी पर रखा जाता है। बनने वाला प्रतिबिंब _____ होगा।

A. वास्तविक, उल्टा और अनंत पर

B. आभासी, सीधा और विवर्धित

C. वास्तविक, सीधा, और मुख्य फोकस पर

D. आभासी, सीधा, और फोकस पर अत्यधिक छोटा ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q25** General Science

सोडियम कार्बोनेट ($Na_2CO_3$) का सूत्र इकाई द्रव्यमान कितना है?
(परमाणु द्रव्यमानः Na = 23 u, C = 12 u, O = 16 u)

- A. 106 u ✓
- B. 98 u
- C. 62 u
- D. 84 u

**Q26** General Science

फसल उत्पादन में खरपतवार प्रबंधन क्यों महत्वपूर्ण है?

- A. खरपतवारों से फसल की पैदावार में वृद्धि होती है।
- B. खरपतवारों का फसलों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
- C. खरपतवार संसाधनों के लिए फसलों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं। ✓
- D. खरपतवार फसलों को पोषक तत्व प्रदान करते हैं।

**Q27** General Science

यदि किसी उत्तल लेंस के $F_1$ और $2F_1$ के बीच कोई वस्तु रखी जाए, तो बनने वाला प्रतिबिंब _____ होगा। ($F_1$ मुख्य फोकस की स्थिति है।)

- A. न्यूनीकृत, वास्तविक, उल्टा
- B. आवर्धित, आभासी, सीधा
- C. आवर्धित, वास्तविक, उल्टा ✓
- D. समान आकार, वास्तविक, उल्टा

**Q28** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा घटक लसीका में अनुपस्थित होता है, लेकिन रुधिर में उपस्थित होता है?

- A. श्वेत रुधिर कोशिकाएं (WBC)
- B. जल
- C. प्लेटलेट्स ✓
- D. प्लाज्मा

**Q29** General Science

ध्वनि के बहु-परावर्तन का उपयोग किसके लिए किया जा सकता है?

- A. ध्वनि की आवृत्ति बढ़ाने के लिए
- B. प्रबलता कम करने के लिए
- C. लंबी दूरी पर स्पष्ट रूप से ध्वनि सुनने के लिए ✓
- D. ध्वनि का तारत्व (pitch) बदलने के लिए

**Q30** General Science

दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

**कथन I:** किसी भी तापमान पर द्रव के उसके क्वथनांक से नीचे वाष्प में बदलने की घटना को वाष्पीकरण कहा जाता है।
**कथन II:** वाष्पीकरण की दर, पृष्ठीय क्षेत्रफल में वृद्धि के साथ बढ़ती है।

- A. कथन I और II दोनों सत्य हैं। ✓
- B. कथन I और II दोनों असत्य हैं।
- C. कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है।
- D. कथन I सत्य है, लेकिन कथन II असत्य है।

**Q31** General Science

विद्युत बल्बों के तंतु (filaments) बनाने के लिए प्राय: केवल टंग्सटेन का ही उपयोग क्यों किया जाता है?

- A. यह ऊष्मा को पास (पारित) नहीं होने देता है
- B. इसका उच्च ताप पर आसानी से ऑक्सीकरण हो जाता है
- C. इसका निम्न विद्युत प्रतिरोध होता है
- D. इसका गलनांक बहुत उच्च होता है ✓

**Q32** General Science

किस कोशिकांग को कोशिका के 'पावरहाउस' रूप में जाना जाता है, क्योंकि यह वायवीय श्वसन करता है?

- A. केंद्रक
- B. लाइसोसोम
- C. माइटोकॉन्ड्रिया ✓
- D. राइबोसोम

**Q33** General Science

प्राणियों में कौन-सा मांसपेशीय ऊतक ऐच्छिक गतिविधियों के लिए उत्तरदायी होता है और हड्डियों से जुड़ा होता है?

- A. रेखित (कंकाल) पेशी ✓
- B. कण्डरा
- C. हृद् पेशी
- D. अरेखित (चिकनी) पेशी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q34** General Science

दिए गए कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन 1: यौगिक $CH_3–CH_2–CHO$ प्रोपेनोन है।
कथन 2: ऐल्डिहाइड का नाम प्रत्यय '–al' का उपयोग करके किया जाता है।

- A. कथन 1 असत्य है, लेकिन कथन 2 सत्य है। ✓
- B. दोनों कथन सत्य हैं और कथन 2, कथन 1 की सही व्याख्या है।
- C. दोनों कथन सत्य हैं, लेकिन कथन 2, कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है।
- D. कथन 1 सत्य है, लेकिन कथन 2 असत्य है।

**Q35** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वोत्तम रूप से वर्णन है कि मनुष्यों के शरीर में हानिकारक रसायनों की सांद्रता सर्वाधिक क्यों होती है?

- A. वे बड़ी मात्रा में संदूषित जंतु उत्पादों का सेवन करते हैं।
- B. वे खाद्य श्रृंखलाओं में शीर्ष पोषण स्तर पर होते हैं। ✓
- C. वे वायु और जल के माध्यम से रसायनों के संपर्क में आते हैं।
- D. वे अन्य जीवों की तुलना में प्रत्यक्ष रूप से अधिक पीड़कनाशी का सेवन करते हैं।

**Q36** General Science

एक वस्तु को सीधे ऊर्ध्वमुखी प्रक्षेपित किया जाता है तथा वह 1000 cm की अधिकतम ऊँचाई तक पहुँचती है। वस्तु का प्रारंभिक वेग कितना था? (g = 9.8 m/s लीजिए)

- A. 14 m/s ✓
- B. 10 m/s
- C. 6 m/s
- D. 2 m/s

**Q37** General Science

